भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
बायोटेक्नोलॉजी विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 844
उत्तर देने की तारीख : 05 फरवरी, 2021

कोविड-19 जैव भंडार

844. श्री टी.आर.वी.एस. रमेश:

क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या सरकार ने देशभर में कोविड-19 जैव भंडारशालाओं की स्थापना की है;
ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
ग) अब तक कितने नमूनों का भंडारण किया गया है; और
घ) जैव चिकित्सा शोधकर्ताओं को इससे किस प्रकार का लाभ होगा?

उत्तर

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री;
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री;
तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री

(डॉ. हर्ष वर्धन)

(क) और (ख) जी हां, दिनांक 23.05.2020 को भारत सरकार द्वारा कुल 17 कोविड-19 जैव भंडारशालाओं को अधिसूचित किया गया है। इन्हें बायोटेक्नोलॉजी विभाग (डीबीटी), वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) तथा भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की प्रयोगशालाओं में स्थापित किया गया है। जैव-भंडारशालाओं की सूची **संलग्नक क** पर देखी जा सकती है।

(ग) 17 राष्ट्रीय कोविड-19 जैव भंडारशालाओं में अब तक कुल 90,361 नमूने (सीरम, नासिका ग्रसनी स्वैब, प्लाज्मा, रक्त प्रवाही मोनोन्यूक्लियर कोशिकाएं आदि) संग्रहीत किए गए हैं। आईसीएमआर कोविड-19 जैव भंडारशालाओं में 11,650 नमूने संग्रहीत किए गए हैं, डीबीटी कोविड-19 जैव-भंडारशालाओं में 41,239 नमूने संग्रहीत किए गए है, और सीएसआईआर कोविड-19 जैव भंडारशालाओं में 37,472 नमूने संग्रहीत किए गए हैं।

(घ) इन नमूनों का उपयोग कोविड-19 की रोकथाम, नियंत्रण और उपचार के लिए विधिमान्य नैदानिक, उपचारात्मक और वैक्सीन आदि का विकास करने के लिए किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, ये नमूने रोग की गंभीरता की प्रारंभिक संभावनाओं, रोग के प्रतिरक्षारोगजनन आदि को समझने के लिए अनुसंधान और विकास संबंधी गतिविधियों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन हैं।

****

संलग्नक क

भारत सरकार द्वारा अधिसूचित कोविड-19 जैव भंडारशालाओं की सूची:

डीबीटी संस्थानों में कोविड-19 जैव भंडारशालाएं :

1. डीबीटी-एनसीआर बायोटेक समूह - ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान और क्षेत्रीय जैवप्रौद्योगिकी केंद्र, फरीदाबाद
2. डीबीटी- जीव विज्ञान संस्थान, भुवनेश्वर
3. डीबीटी - स्टेम सेल विज्ञान और पुनर्योजी चिकित्सा संस्थान, बंगलौर
4. डीबीटी वित्त पोषित जैव भंडारशाला - यकृत और पित्त विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली
5. डीबीटी- राष्ट्रीय कोशिका विज्ञान केंद्र, पुणे

आईसीएमआर संस्थानों में कोविड-19 जैव भंडारशालाएं:

6. आईसीएमआर- राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी), पुणे
7. आईसीएमआर - एनआईवी क्षेत्र इकाई, बंगलौर
8. आईसीएमआर - एनआईवी क्षेत्र इकाई, अलपुजा, केरल
9. आईसीएमआर - राष्ट्रीय कॉलरा और आंत्र रोग संस्थान, कोलकाता
10. आईसीएमआर - राष्ट्रीय व्यावसायिक स्वास्थ्य संस्थान, अहमदाबाद
11. आईसीएमआर - राष्ट्रीय असंचारी रोग कार्यान्वयन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर
12. आईसीएमआर - राष्ट्रीय मलेरिया अनुसंधान संस्थान, दिल्ली
13. आईसीएमआर - राष्ट्रीय महामारी विज्ञान संस्थान, चेन्नई
14. आईसीएमआर - राष्ट्रीय प्रजनन स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान, मुम्बई

सीएसआईआर संस्थानों में कोविड-19 जैव भंडारशालाएं:

15. सीएसआईआर - जिनोमिकी और समवेत जीव विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली
16. सीएसआईआर - कोशिकीय एवं आणविक जीव विज्ञान केंद्र, हैदराबाद
17. सीएसआईआर - सूक्ष्मजीव प्रौद्योगिकी संस्थान, चंडीगढ़